we win

WWL/CS/2022/086

Date: 03rd August, 2022

| National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,<br>Bandra- Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai-400051<br>**NSE Symbol: WEWIN** | **BSE Limited**<br>Floor 25, P.J Towers, Dalal Street, Fort,<br>Mumbai- 400001<br>**BSE Scrip Code: 543535** |
|---|---|

**Sub:- Publication of Notice for Board Meeting.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please note that the notice of the Board Meeting where financial results shall be discussed was publish in the Newspaper on 02nd and 03rd August 2022. Copies of the same are enclosed for your information and records.

Thanking you,
Yours faithfully,

**For We Win Limited**
(Formerly Surevin BPO Services Limited)

WE WIN LIMITED ★ BHOPAL ★

**Ashish Soni**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above

**We Win Limited**
(Formerly Surevin BPO Services Ltd.)
(CIN: L74999MP2007PLC019623)

206-207, 2nd Floor, Corportate Zone C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod,
Bhopal - 462047, Madhya Pradesh, India
Phone: +91 755 4278897,
Email: contact@wewinlimited.com

# एनईपी 2020 लागू, लाइब्रेरी साइंस को अब तक वैकल्पिक विषय में नहीं किया शामिल

## मध्य प्रदेश लाइब्रेरी एसोसिएशन के पदाधिकारी ने सौंपा था ज्ञापन

सच प्रतिनिधि || भोपाल



राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 लागू करने वाला मध्यप्रदेश दूसरा राज्य है। नई नीति में पाठ्यक्रमों को रोजगारोन्मुखी और व्यावहारिक बनाने पर जोर है, ताकि डिप्लोमा और डिग्री लेने वाले युवाओं को कुशल बनाया जा सके। इसके बावजूद लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस विषय को वैकल्पिक विषय की सूची में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में एडमिशन लेने वाले छात्र-छात्राएं चाहकर भी इसे पढ़ने के लिए चुन नहीं पा रहे हैं। जबकि ये व्यावसायिक विषय सबसे अधिक रोजगारोन्मुखी है।

लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस विषय को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने के लिए मध्य प्रदेश पुस्तकालय संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने पिछले दिनों उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की थी। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने ग्रंथपाल का पदनाम परिवर्तन कर सहायक प्राध्यापक पुस्तकालय करने की भी मांग की थी।

संघ के पदाधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश समेत पांच राज्यों में ग्रंथपाल का पदनाम परिवर्तित किया जा चुका है। इस पर मंत्री डॉ. यादव ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि वे खुद भी नई शिक्षा नीति के हिसाब से ज्यादा से ज्यादा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को छात्रों के लिए शामिल करना चाहते हैं। लाइब्रेरी साइंस पाठ्यक्रम भी प्राथमिकता में शामिल है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने एनईपी 2020 के क्रियान्वयन के लिए सत्र 2021-22 से प्रवेश शुरू कर दिए हैं, जिनमें नए पाठ्यक्रम वैकल्पिक विषय के रूप में जोड़े गए हैं। इसमें शारीरिक शिक्षा, एनसीसी, एनएसएस आदि शामिल हैं। इन नए पाठ्यक्रमों का चयन विद्यार्थी अपने स्तर पर कर सकते हैं। एनईपी 2020 के आधार पर नए वैकल्पिक व रोजगार उन्मुख ई विषयों को जोड़ा गया है, लेकिन अधिकारियों द्वारा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण रोजगारोन्मुख व्यावसायिक ई विषय की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।

### 5 अगस्त तक लेना होगा यूजी-पीजी में दाखिला

कॉलेजों में प्रवेश के लिए चौथे चरण की दाखिला प्रक्रिया जारी है। यूजी-पीजी में 67 हजार 808 छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। सूची जारी होने के बाद कॉलेजों में दाखिला लेने विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। दाखिले की आखिरी तारीख 5 अगस्त है। बता दें कि यूजीसी ने उच्च शिक्षा विभाग सहित प्रदेश के कालेजों और विश्वविद्यालयों को एडवाइजरी जारी कर सीबीएसई के परिणाम आने के बाद एक और अतिरिक्त राउंड की काउंसलिंग चलाने की बता कही थी। इस साल यूजी पीजी में कुल 8 लाख 10 हजार 160 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन इनमें से मात्र 3 लाख 46 हजार 415 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। अभी भी यूजी-पीजी की 4 लाख 63 हजार 745 सीटें खाली हैं।

### धूमधाम से मनाया गया एनएचडीसी का 23वां स्थापना दिवस

# ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने अग्रसर एनएचडीसी

सच प्रतिनिधि || भोपाल



एनएचडीसी का 23वें स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। एनएचडीसी स्थापना दिवस समारोह का मुख्य आयोजन आमेर ग्रीन्स,भोपाल में किया गया। जहां संगीत संध्या में कलाकार की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक समारोह में प्रसिद्ध गायिका स्वर कोकिला सारिका सिंह ने संगीत की मनोरम प्रस्तुति ने समस्त उपस्थित अतिथिगणों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा एनएचडीसी के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक विजय कुमार सिन्हा, एनएचपीसी निदेशक एवं निदेशक एनएचडीसी आरपी गोयल, निदेशक एनएचडीसी सीए अरुण डागा तथा एनएचडीसी निदेशक मंडल के सदस्यों व शासन से अन्य वरिष्ठ अथितियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ।

कार्यक्रम में अभय कुमार ने कहा कि एनएचडीसी ने प्रदेश को ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एनएचडीसी अब जलविद्युत उत्पादन के साथ सोलर ऊर्जा व पंप स्टोरेज द्वारा प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बनाने के अपने संकल्प की ओर अग्रसर है। सिंह ने प्रदेश को समृद्ध व खुशहाल बनाने व निगमीय सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्यों के लिए एनएचडीसी की भूमिका की सराहना की। एनएचडीसी विद्युत आवश्यकता की पूर्ति के साथ साथ प्रदेश में सिंचाई, मत्स्य पालन, खाद्यान्न उत्पादन एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा ऊर्जा संरक्षण जागरूकता जैसी गतिविधियों से प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने निगम की भवी परियोजनाओं के लिए मध्यप्रदेश शासन से सहयोग दिए जाने के प्रति आभार व्यक्त किया। एनएचडीसी के अध्यक्ष अभय कुमारने एनएचडीसी को सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समय से पहले करने के लिए सराहना की और सरकार द्वारा भविष्य मे दिए गए कार्यों के माध्यम से प्रदेश की सेवा को प्राथमिकता से किये जाने का संकल्प दोहराया।



# भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर तिरंगा यात्रा निकालेगी जय हिंद सेना

**भोपाल।** भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर प्रदेश का अशासकीय संगठन जय हिंद सेना प्रदेश भर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस संबंध में जय हिंद सेना की राजधानी में बैठक आहूत की गई जिसमें राष्ट्रहित एवं युवाओं को जागृत करने तथा वीर शहीदों को सम्मान देने सहित एवं सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा के बाद 9 अगस्त को अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में वीर सपूत शहीदों के प्रतिमा स्थल से तिरंगा यात्रा निकालकर देशवासियों को एवं प्रदेश वासियों एवं युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए जागृत करेगी । बैठक में सेना3 के प्रदेश प्रमुक अरुण पांडे निखिल गुर्जर अभिषेक मीना वीर बहादुर राणा पीयूष रायकवार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए । जय हिंद सेना के प्रदेश प्रमुख अरुण पांडे ने मुताबिक आजादी के 75 वर्ष बाद स्वतंत्र भारत के किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार राष्ट्र ध्वज के सम्मान में देशभर में हर घर तिरंगा फहराने का संकल्पित निर्णय लेकर प्रदेश वासियों में राष्ट्रहित का जन जागरण संदेश देने का काम किया है । प्रधानमंत्री के इस राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हर घर तिरंगा अभियान में जयसिंह सेना सक्रिय भागीदारी निभाएगी।

# स्वास्थ्य शिविर में जांची बुजुर्गों की सेहत



**भोपाल।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी अस्पताल शिवाजी नगर स्थित आनंद धाम में बुजुर्गों की सेहत जांचने नेत्र शिविर लगाया गया। इस शिविर में आनंदधाम में निवासरत वृद्धजनों सहित अन्य लोगों ने अपने.अपने नेत्र का परीक्षण कराया। रेडक्रास सोसायी से सचिव ने बताया कि उक्त शिविर में रेडक्रास चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ भारती सोनी ने रोगियों के नेत्र की जांच कर परामर्श दिया। इस शिविर में 125 हितग्राहियों को रेडक्रास की हाईजेनिंग किट का वितरण किया गया। रेडक्रास के सौजन्य से एवं अमेकिन ऑप्टिकल के सहयोग से आनंद धाम के नवासरत 27 वृद्धजनों के लिये नि:शुल्क चश्में बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया राष्ट्रीय मुख्यालय से प्राप्त ब्लड कलेक्शन वेन में । 5 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान भी किया।

# युवाओं ने लिया नवसृजन का संकल्प



**भोपाल।** नवसृजन के संकल्पों को लेकर विदा हुए युवा युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार द्वारा तीन दिवसीय युवा प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जिसमें मध्य प्रदेश के 25 जिलों के 94 युवा सम्मिलित हुए। शिविर में शांतिकुंज हरिद्वार के राष्ट्रीय युवा संयोजक केदार प्रसाद दुबे एमध्य प्रदेश के प्रभारी योगेंद्र गिरीएआशीष सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें विश्व के 6 अरब लोगों के भाग्य और भविष्य को उज्जवल बनाने के महान अभियान में अपनी प्रतिभा का नियोजन कर प्रचलित प्रवाह को बदल कर नई धारा प्रवाहित करने का संकल्प लेकर गायत्री शक्ति पीठ से युवाओं ने अपने अपने जिले के लिए विदाई ली। अपने विदाई उद्बोधन में राजेश पटेल उपझोन समन्वयक ने युवाओं को बताया कि सर्वस्वीकृति ईश्वरीय कार्य में जरूरी है ।आप सब ईमानदारी और सचरित्रता के बल पर हर क्षेत्र में सफल होंगे ऐसी हमारी शुभकामनाएं के साथ परम पूज्य गुरुदेव की ओर से विश्वास दिलाते हैं। शिविर में 25 जिलों के प्रतिनिधि इस में शामिल रहे जिन्होंने 3 दिन के विचार विमर्श और मार्गदर्शन के आधार पर अपने क्षेत्र अर्थात लगभग आधे मध्यप्रदेश में .135 युवा चेतना शिविर 951 ग्राम तीर्थ परिब्रज्या 205 युवा मंडल 13 हजार से अधिक घरों में गंगाजल देव स्थापना के सामूहिक संकल्प लिए गए।

### विलुप्त होती कला आज बनी रोजगार का साधन

# रविशंकर नगर में नेशनल आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क प्रदर्शनी

सच प्रतिनिधि || भोपाल



दशहरा मैदान रविशंकर नगर विट्टन मार्केट में में शुरू नेशनल आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क प्रदर्शनी को उद्घाटन मध्य भारत के विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती कला को देश के कलाकारों ने फिर से जीवित किया और आज हजारों लोगों की जीवन यापन का साधन बनी हुई है। हमें हुनरबाजों को दोबारा स्थपित करना चाहिए। आयोजित प्रदर्शनी में उमंग शॉपिंग महोत्सव के आर्ट-क्राफ्ट सिल्क एक्सपों में महिलाओं के लिए साड़ी पर कोलकाता की कलाकृति देखने को मिल रही है।

उमंग आर्ट -क्राफ्ट एक्सपो का आयोजन कर रहे सचिव आशीष गुप्ता ने इस प्रदर्शनी में भाग लेने वाले पूरे भारत से रेशम साड़ियों, पोशाक सामग्री की भिन्न गुणवत्ता की व्याख्या की। उन्होंने असम, मूंगा सिल्क, दिल्ली प्रिंटेड सिल्क साड़ी, गुजरात कांथा, पटोला, पश्चिम बंगाल, बलूचरी, राजस्थान बंधेज, झारखंड कोसा सिल्क, कर्नाटक चिंता मणि, कसौटी वर्क और अन्य जैसे विभिन्न राज्यों के रेशम उत्पादों के बारे में बताया।

यहां पार्टी परिधानों का एक विशाल संग्रह है। आंध्र प्रदेश से उपदा, मंगलगिरी, गढ़वाल, धर्मावरम, पोचमपल्ली जैसी साड़ियों का एक आकर्षक संग्रह। बिहार से टसर, मटका और खादी रेशम, कशीदाकारी पश्मीना शॉल, प्रिंटेड सिल्क साड़ी, जम्मू और कश्मीर से ड्रेस सामग्री, मध्य प्रदेश से चंदेरी और माहेश्वरी सिल्क साड़ी, चिंतामणि, कसौटी वर्क, कर्नाटक से कर्नाटक सिल्क आने वाले हर आंगतुक का मन मोह रही है। राजस्थान से बंधेज, ब्लॉक और सांगानेरी प्रिंट और गठजोड़, गुजरात की बाँधिनी और मध्य प्रदेश के चंदेरी के साथ खादी सिल्क, टसर सिल्क सभी एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। प्रदर्शनी 15 अगस्त तक चलेगी और सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुली हुई है।

# चातुर्मास में श्रद्धालु संयम, साधना भक्ति में लीन अभिषेक एवं शांति धारा के साथ पूजा-अर्चना

सच प्रतिनिधि || भोपाल



परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य परम पूज्य वात्सल्य मूर्ति मुनि श्री 108 मार्दव सागर महाराज के मंगल सानिध्य में अशोका गार्डन में चल रहे चातुर्मास में श्रद्धालु संयम ,साधना भक्ति में लीन हैं । जिनालय में प्रतिदिन मूलनायक वेदि के अभिषेक एवं शांति धारा के साथ भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना की गई। जिनालय में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान हो रहें हैं। अशोका गार्डन जैन मंदिर चतुर्मास कमेटी के श्रेष्ठीगणों द्वारा शास्त्र दान किया गया।

मंदिर के प्रवक्ता अंकित जैन ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु अनेक शहरों आए श्रद्धालुओं ने मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रतिदिन ब्रह्मचारी सतीश भैया एवं ब्रह्मचारी बिकास भैया के निर्देशन में एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का बड़ी संख्या श्रद्धालु शिविर के माध्यम से स्वास्थ लाभ ले रहे हैं एवं स्वस्थ जीवन शैली अपना रहे हैं।। आज पुरी समाज को आचार्य श्री ने आशीष वचनों द्वारा संदेश दिया कि एकाग्रता का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है जिसके द्वारा मनुष्य मन पर नियंत्रण कर सकता है । आज मुनि श्री ने आशीष वचनों से बताया कि जैसे ध्यान के लिए बाधक तत्वों को जानना जरूरी है ।वैसे ही ध्यान सिद्धि में राग द्वेष और मोह बाधक तत्व है। ध्यान करने वाले को इसका तत्काल परित्याग कर देना चाहिए। उन्होंने संसार और चेतन आत्मा के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि चेतन आत्मा का शाश्वत सत्य है। संसार से मन को हटाकर आत्मा का ध्यान करना चाहिए ।

# टिटनेस, डिप्थीरिया टीकाकरण कल

**भोपाल।** किशोर बालक-बालिकाओं को टिटनस एवं अडल्ट डिप्थीरिया एवं कोविड.19 से बचाव हेतु जिले में चलाये जाने वाले अभियान की समीक्षा बैठक सोमवार को अपर कलेक्टर श्री संदीप केरकट्टा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई । बैठक में बताया गया कि 5 वर्ष 10 वर्ष एवं 16 वर्ष उम्र के किशोर बालक.बालिकाओं को टिटनस एवं अडल्ट डिप्थीरिया से बचाव के लिए जिले में 16 से 31 अगस्त 2022 तक डीपीटी टीकाकरण अभियान एवं कोविड.19 प्रिकॉशन डोज् लगाने हेतु 3 अगस्त, 17, 31 अगस्त 14 एवं 31 सितंबर 2022 को महाअभियान आयोजित होंगे । टीडी अभियान एवं 3 अगस्त को आयोजित होने वाले कोविड.19 प्रिकॉशन डोज् अभियान के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की गई।

# सरपंच पाराशर ने जुलूस निकालकर पदभार संभाला

सच प्रतिनिधि || भोपाल

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नवनिर्वाचित सरपंच संजय पाराशर ने आज सुबह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ ग्राम पंचायत कलखेड़ा के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर मंदिर से जुलूस के रूप में पंचायत कार्यालय कलखेड़ा पहुंचे। ढोल-नगाड़े की धुन पर उनके समर्थक नाचते हुए पंचायत भवन कार्यालय पहुंचे जहां पर पंचायत सचिव संतोष कुमार ने नवनिर्वाचित सरपंच संजय पाराशर को प्रभार सौंपा । इस अवसर पर पूर्व मंडी सदस्य श्रीमती राजदुलारी पाराशर, संतोष पाटीदार, विनय पाराशर, प्रमोद उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।





# भेल कॉलेज में जनभागीदारी से होगा अधोसंरचना विकास

सच प्रतिनिधि || भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक एसडीएम एमपी नगर राजेश गुप्ता अध्यक्षता में हुई। इस दौरान आगामी नेक मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्व मुद्दों पर निर्णय लिए गए , जिसमें नवनिर्मित भवन की आंतरिक अधोसंरचना विकास, बाटनीकल गार्डन, विद्युत व्यवस्था, मल्टीपर्पज हाल, वाणिज्य में अध्यापन व्यवस्था, प्लेसमेंट सेल आदि विषयों पर चर्चा की गई। प्राचार्य एवं सचिव डॉ. मथुरा प्रसाद ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन लोकार्पण अवसर पर इस महाविद्यालय को आगामी नेक मूल्यांकन में ए ग्रेड प्राप्त करने का लक्ष्य दिया है। महाविद्यालय इस दिशा में सतत प्रयत्नशील है। शासन स्तर से भी अधोसंरचना विकास के लिए यथोचित सहयोग मिल रहा है।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, अभिभावक प्रतिनिधि तेजसिंह, पूर्वछात्र प्रतिनिधि करतार सिंह नागर सहित अन्य सदस्यों ने भी उत्साह से सहभागिता की है।



# भेल थ्रिफ्ट सोसायटी चुनाव की लड़ाई सड़क पर आई

## पहली बार सदस्यों ने किया विरोध प्रदर्शन

सच प्रतिनिधि || भोपाल

भेल पारदर्शी पैनल ने 20 अगस्त के पूर्व बीएचईई थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के चुनाव कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। संस्था के पूर्व संचालक कमलेश नागपुर, भीम धुर्वे ,राजकुमारी सैनी ,सदस्य निर्मल बोवाडे ,समीर साहू, सुरेश भगत, किरण धामने ,विजय सिंह रावत, दशरथ राम गौड़ ने संस्था के प्रांगण में प्रबंधक नरेश खत्री को अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा। बीएचईएल भोपाल में संस्था के सम्मानिय सदस्य में चुनाव की देरी को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है, वहीं गौतम मोरे पूर्व उपाध्यक्ष ने फोन पर अपना संदेश सम्मानीय सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा की वर्तमान अध्यक्ष बसंत कुमार जानबूझकर चुनाव को टालने का प्रयास कर रहे हैं। कमलेश नागपुरे के द्वारा कहा गया की अध्यक्ष के द्वारा लगातार 8 महीने से चुनाव को टाला जा रहा है क्योंकि बोर्ड भंग हो चुका था सारे अधिकार अब अध्यक्ष के पास हैं ऐसा वह स्वयं भी कहते हैं बोर्ड भंग होने के पश्चात् अध्यक्ष के पास सारे कम्युनिकेशन के अधिकार है। भीम धुर्वे ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की बहाली अति शीघ्र हो जानी चाहिए। सभी सम्माननीय सदस्यों ने कहा कि 20 अगस्त के पूर्व चुनाव किसी भी हालत में होना चाहिए अन्यथा इसे लेकर राज्य और केंद्र शासन दोनों के पास जाकर प्रयास किए जाएंगे।

संस्था के चुनाव कराने के लिए हमने सहकारिता विभाग को पत्र लिखा है। नगर निगम चुनाव के कारण देरी हुई है। जल्द ही चुनाव कराने के लिए पहल होगी।
बसंत कुमार, अध्यक्ष, थ्रिफ्ट सोसाइटी

# ऐबू संगठन ने की अगस्त क्रांति आंदोलन की घोषणा

भोपाल। ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाइज यूनियन ऐबू के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर यूनियन के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच विस्तृत रूप में चर्चा की गई। सर्वसहमति से विभिन्न चरणों मे अगस्त क्रांति के रूप में आंदोलन की शुरुआत करने पर सहमति बनी। प्रथम चरण में यूनियन द्वारा तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। कोरोना की आड़ में उत्पादन की जीवन रेखा रिवॉर्ड स्कीम ;इंसेंटिव, इंसेंटी एवं टी3 को शुरू करवाने एवं एरियर सहित भुगतान करवाने, द्वितीय चरण में होने वाले आंदोलन में शुरुआत काली पट्टी बांधने एवं हस्ताक्षर अभियान से होगी। तृतीय चरण में हस्ताक्षर किए हुए ज्ञापन को हर विभाग के जीएमए जीएम एचआर और कार्यपालक निदेशक को एडीएम बिल्डिंग जा कर एवं डायरेक्टर एचआर और सीएमडी को दिल्ली जाकर कर्मचारियों की भावनाओं से अवगत कराया जायेगा। इसी के साथ ही जेसीएम के मीटिंग कराने सभी सेंट्रल लीडर को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। अगर तब भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो चतुर्थ चरण में कारखाने में टूल डाउन एवं पंचम चरण में हड़ताल की घोषणा की जाएगी।

वी विनलिमिटेड
(पूर्वमें श्योरविन बीपीओ सर्विसेज लिमिटेड)
सीआईएन : L74999MP2007PLC019623
206-207, दूसरी मंजिल, कॉर्पोरेट जोन, सी-21 मॉल,
होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल (म.प्र.) 462047
फोन: +91 755 4278897 ईमेल: contact@wewinlimited.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29 और 47 के अनुसार, वीविन लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 10अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली है, जिसमे 30 जून 2022 को समाप्त हुए तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) पर विचार और अनुमोदन किया जायेगा।

उक्त नोटिस का मूल्यांकन कंपनी की वेबसाइट www.wewinlimited.com पर निवेशक टैब के तहत और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com तथा www.bseindia.com पर भी किया जा सकता है।

स्थान : भोपाल
दिनांक : 02/08/2022

हस्ता./-
आशीष सोनी
(पैन : HCOPS6623A)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
वीविन लिमिटेड

# QUALITY OF EDUCATION CAN'T BE COMPROMISED BY 100% RESERVATION FOR TEACHERS FROM DISTRICT: SC

**Team Absolute** | New Delhi



The Supreme Court on Tuesday said the quality of education of the school-going children cannot be compromised by giving 100 per cent reservation in favour of the teachers of the same districts and prohibiting meritorious teachers' appointment.

The top court quashed a 2016 notification issued by Jharkhand to provide for 100 per cent reservation for local residents in district cadre Class III and Class IV posts in the 13 scheduled districts of the state.

A bench of Justices M.R. Shah and B.V. Nagarathna said: "If the candidates belonging to other areas (non-scheduled areas/districts) are given an opportunity to impart education (who may be more meritorious than the candidates belonging to the scheduled areas/districts), than it will be more beneficial to the students belonging to the scheduled areas and their quality of the education shall certainly improve. The quality of education of the school-going children cannot be compromised by giving 100 per cent reservation in favour of the teachers of the same/some districts and prohibiting the appointment to more meritorious teachers." The bench, in its 107-page judgment, said notification making 100 per cent reservation for the local residents of the concerned scheduled area/districts (reservation on the basis of residence) is ultra vires to Article 35 read with Article 16(3) of the Constitution.

"100% reservation provided for the local residents of the concerned scheduled districts/areas only would be violative of Article 16(2) of the Constitution of India and affecting rights of the other candidates/citizens of non-scheduled areas/districts guaranteed under Part III of the Constitution of India," Justice Shah, who authored the judgment on behalf of the bench, said.

The bench noted that it may be true that so far as basic education (at the level of primary section) is concerned, it may help students at the primary level (while providing basic education) to be taught in their own tribal language. But the same principle may not be applicable when the question is of providing education at higher level viz. above Class 5, it added. The top court judgment came on a batch of appeals filed by Jharkhand and some individuals against the Jharkhand High Court judgment, which quashed the notification. Holding the notification unconstitutional, the high court quashed the appointments of the trained graduate teachers made pursuant to the advertisement in the scheduled districts relating to the local residents of those districts. The original respondents - candidates belonging to the 13 scheduled districts have preferred present appeals.

# BJP misusing ED, CBI to suppress voice of Oppn: Sachin Pilot

**Jaipur** | Agencies



Congress leader Sachin Pilot on Tuesday launched a scathing attack on the Centre, saying that the BJP is misusing government agencies such as the ED, Income Tax Department and the CBI to suppress the voice of the Opposition leaders.

The former Deputy Chief Minister of Rajasthan said that "democracy is our asset and we have to preserve it and make it strong".

Addressing a public gathering after unveiling construction works worth Rs 43 crore at his constituency in Tonk, Pilot accused the Centre of misusing the central probe agencies to stifle the voice of the Opposition.

"All the promises made by the BJP government, such as bringing back black money, controlling inflation and reducing unemployment, have turned out to be false. Inflation is skyrocketing under the BJP rule. The common man is not getting any help. The anti-farmer Central government introduced three 'black' agricultural laws, which it was forced to withdraw.


"The farmers are completely disappointed with the BJP's rule. The Centre has now come up with the Agnipath scheme, which has shattered the dreams of the scores of youth who were waiting to join the army for years. Now those joining the army will be thrown out after four years," Pilot said.

He also said that for establishing direct communication with the people, he has chalked out a programme to visit the villages of his constituency instead of going to the panchayat headquarters.

"Today there is no election, no festival... I have only come to meet you people, to take stock of the development works going on here. Whatever you have asked for will be fulfilled. There will be no shortage of resources for public works," Pilot said.

# J&K Lt Governor requests Amarnath Yatris to have darshan by Aug 5

**Srinagar** | Agencies



Jammu and Kashmir Lt Governor Manoj Sinha on Tuesday requested Amarnath Yatris to complete darshan by August 5 amid forecasts of adverse weather thereafter.

He took part in Chhari pujan in presence of Mahant Charri Mubarak, Deependra Giri at the Mahadev Gir Dashnami Akhada, on the auspicious occasion of Shravan Shukal Panchami. It is one of the important rituals prior to the culmination of the annual pilgrimage.

Talking to media persons, Sinha said: "Over 3 lakh Yatris have had Darshan so far. Hot weather has affected the size of the Holy Lingam and we have weather reports of heavy rains after August 5.

"Yatris are requested to complete the Yatra by August 5 in light of the adverse weather advisory thereafter."

The Amarnath Yatra 2022 started on June 30 and was scheduled to end after 43 days on August 11 on Shravan Purnima.

In light of the Lt Governor's announcement, it is likely that the Yatra this year would be open for the pilgrims till August 5 only.

## MUMBAI BUSINESSMAN SAYS DUPED IN TOP MINISTER'S NAME, FIR LODGED

**New Delhi:** A Mumbai-based businessman has filed a complaint with the Delhi Police, alleging he was duped of Rs 2 crore after being promised railway contracts, "in the name of Union Home Minister Amit Shah".

The businessman has accused BJP leader and Railway Passenger Service Committee Chairman Ramesh Chandra Ratn's son Brajesh Ratn, saying that he, on the pretext of providing railway contracts valued at Rs 100 crore, took Rs 2 crore as advance from him. The BJP leader denied the allegation.

According to sources, based on the complaint of a businessman, the Delhi Police's Special Cell has registered an FIR under the relevant sections of the IPC including cheating, criminal breach of trust, and criminal conspiracy, and has started investigations.

# 'Vacancies at the top level': Law Commission, CVC share the same story

**Team Absolute** | New Delhi

Two significant institutions - the Law Commission and the Central Vigilance Commission (CVC) - are functioning without full strength at the top level, for a while now.

The Law Commission, which is mandated to make recommendations to the government on complex legal issues having an impact on society, has been without a Chairperson since August 2018. Although, on February 19, 2020, the Centre approved the constitution of the twenty-second Law Commission, however it has not appointed the Chairperson and members so far.

Similarly, the CVC, which should have been a three-member autonomous body according to the provisions of the Central Vigilance Act, 2003, has been functioning with only a Central Vigilance Commissioner. These institutions play a significant role in keeping checks and balances on elected governments, and help in further




strengthening the democratic ethos. These institutional pillars aid the functioning of a large and complex democracy. On July 27 this year, the Supreme Court agreed to consider listing for hearing a PIL, filed by advocate Ashwini Upadhyay in 2020, seeking a direction to the Central government to declare the Law Commission as a "statutory body" and appoint the Chairperson and members to the panel. Upadhyay argued before the top court that the tenure of the 21st Law Commission ended on August 31, 2018 and still, the government has neither extended the tenure of its Chairperson and members, nor notified the 22nd Law Commission. In December last year, the Centre had told the court that the appointment of the members of the Law Commission of India and its chairperson was under consideration with the authorities concerned, and there is no proposal under consideration to make it a statutory body.

The Centre termed the PIL frivolous and devoid of merits and added that the petitioner has raised an issue which falls out of the doctrine of separation of powers. The government further added that it is seized of the matter in connection with the appointment of the Chairperson and the members of the Commission.

For the CVC, the story has not been much different from that of the Law Commission. The commission last functioned as a three-member body, a Chairperson, along with two members, in October 2020.

Annual report of the CVC for 2002 says: "The Central Vigilance Commissioner and Vigilance Commissioners hold office for a term of four years from the date on which they enter office or till attaining the age of sixty-five years, whichever is earlier. Sanjay Kothari, IAS (Retd.) joined as Central Vigilance Commissioner on 24.04.2020 and Suresh N. Patel, MD & CEO (Retd.) Andhra Bank joined as Vigilance Commissioner on 29.04.2020. Sharad Kumar, IPS (Retd.), Vigilance Commissioner demitted office on 27.10.2020. One post of Vigilance Commissioner is vacant since then."

Kothari retired in June 2021. Since then, both Vigilance Commissioners' posts have been vacant. Patel, who was a banker, remains the only Commissioner.

# I was offered Rs 25 cr & Rs 60 cr during RS polls & rebellion: Raj Minister

**Jaipur** | Agencies



Rajasthan Minister of State for Sainik Welfare Rajendra Gudha has once again brought the horse-trading issue to the fore by claiming that he was offered crores of rupees during the Rajya Sabha elections as well as the political crisis in the Congress.

"At the time of the Rajya Sabha elections, an offer of Rs 25 crore was given for casting one vote. Two years ago, during the political crisis at the time of the rebellion in the Congress, an offer of Rs 60 crore was made," Gudha, who was in the BSP and later joined the Congress, said while addressing a school programme. However, he did not take anyone's name.

Gudha, while answering the questions of the children of a private school in Udaipurwati in Jhunjhunu district, said "When the last Rajya Sabha elections were held, I was offered Rs 25 crores at that time for casting one vote for one person. I asked my wife that Rs 25 crores are being offered for casting just one vote. However, she said that we do not want money, your image will be tarnished.""Even during the rebellion in the Congress, I had an offer of Rs 60 crore. My son, daughter and wife said that we need respect, not money."

Gudha is constantly making statements and official sources said that he is annoyed at getting a portfolio of less importance. Along with it, two MLAs who left the BSP and joined the Congress have expressed displeasure over not getting any post.

# *Over 8k village panchayat executive heads on indefinite strike*

**Ahmedabad** | Agencies

Around 8,500 village panchayat executive heads Tuesday declared an indefinite strike to press for their long pending demands which include pay revision and recruitment.

Their demands include making them permanent employees on fixed salary, not to burden them with additional work and to give benefits of revenue talatis to panchayat talatis.

In a letter to Chief Minister Bhupendrabhai Patel, the State Talati Mantri Mahamandal had said that there demands have been pending for nine long months. Despite reaching a settlement with the government, no concrete steps has been taken till now, it lamented.

According to them, while interacting with the media, Panchayat Minister Brijesh Merja in Rajkot had promised to make new recruitment soon and that the government is keen to resolve the issues of panchayat officials.



Since the approval of the finance department is mandatory on the issue of grade pay, the panchayat department is negotiating it, they were told.

Vice-President of Gujarat State Talati Mahamandal Chirag Geraiya said that there are approximately more than 10,000 panchayat employees are working in the state. For the last many years, no positive approach is being shown by the government regarding our various demands. In 2018, when the strike was called off by the panchayat employees, after being assured that the issues would be resolved.

In 2021, when Bhupendra Patel was appointed as the new Chief Minister, the strike was called off by the government saying that the issues would be resolved. And at the Rajkot Taluka Panchayat office, throwing the keys of the Gram Panchayat office on the ground, we are staying away from work.

Scores of letters were written to the authorities highlighting their plight. When all their requests and demands fell on deaf ears, a meeting of the Talati Mantri Council was held on July 9. In the meeting, the executive heads decided to go on an indefinite strike from August 2. They will boycott all programmes except paying full respect to the national flag in the 'Ghar Ghar Tiranga Yatra' from August 13 to 15.

# MOSQUE'S DEMOLITION NEAR HYDERABAD TRIGGERS PROTEST

**Hyderabad** | Agencies

Demolition of a mosque by the municipal authorities at Shamshabad on the outskirts of Hyderabad on Tuesday triggered protests.

Masjid-e-Khaja Mahmood in Green Avenue colony was demolished by the municipal staff early morning amid heavy police presence.

The incident led to strong protest by local Muslim residents and leaders of various parties.

Leaders of the All India Majlis-e-Ittehadul Muslimeen (AIMIM) and the Majlis Bachao Tehreek (MBT) lodged their protest.

MBT leader Amjedullah Khan said the mosque was constructed three years ago and daily five times namaz including Friday prayers were being performed regularly.

He pointed out that Green Avenue Colony on 15 acres of land was plotted and sold after due permission from Shamshad Grampanchayat. Two plots of 250 square yards were marked as a site for masjid.




A person, whose house is beside the mosque, had, along with some other residents, complained to Shamshad Municipal authorities against the construction of the mosque.The MBT leader said though the case was in the court, the municipal authorities resorted to demolition, hurting the religious sentiments.AIMIM's local leaders also staged a sit-in at the municipal office. They demanded action against the officials responsible for demolition and immediate reconstruction of the mosque.Police later arrested the protesters who were led by AIMIM incharge of Rajendra Nagar Assembly constituency, Mirza Rahmath Baig. Muslim leaders have condemned the demolition and urged the Telangana Rashtra Samithi (TRS) government to take immediate action against those responsible.

MBT leader Khan said that the TRS government headed by KCR has been following in the footsteps of BJP's Yogi government. He alleged since the TRS party came to power in 2014, six mosques were demolished in Telangana.

He questioned the silence of those Muslims organisations and politicians who claim KCR as a secular leader. He said the demolition was carried out by the Municipal Department headed by KCR's son K.T. Rama Rao.

**WE WIN LIMITED**
(Formerly Known as Surevin BPO Services Limited)
(CIN: L74999MP2007PLC019623)
206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall
Hoshangabad Road, Misrod Bhopal
Bhopal, MP- 462047 Phone: +91 755-4278897
E-mail: contact@wewinlimited.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of We Win Limited is scheduled to be held on Wednesday, the 10thAugust 2022, inter alia to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) of the company for the quarter ended on 30thJune 2022.

The said notice may be assessed on the company's website at www.wewinlimited.com under investor tab and also on the website of stock exchange at www.nseindia.com and www.bseindia.com.

Place: Bhopal
Dated:02/08/2022

For We Win Limited
Sd/-
Ashish Soni
(PAN: HCOPS6623A)
Company Secretary & Compliance Officer